हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

11 लीगल लिटरेसी प्रोग्राम में बीआर ज्ञानदीप छाया


12 जनसंख्या वृद्धि के प्रति निकाली जनचेतना रैली


## खबर संक्षेप

### सीताराम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा आज

**नारनौल।** पुरानी सराय मोहल्ला में स्थित प्राचीन सीताराम मंदिर में मूर्ति स्थापना महोत्सव शुक्रवार को मनाया जाएगा। इस बारे में अशोक सिंघल ने बताया कि सिंघल गोत्र के समस्त परिवार की ओर से मूर्ति स्थापना सीताराम मंदिर में की जाएगी। इस अवसर पर मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा हैदराबाद से आए आचार्य पुरुषोत्तम शास्त्री विधिविधान से करवाएंगे। जिसमें राधा कृष्ण भगवान व नवनिर्मित शिव परिवार की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। जिसमें शुक्रवार सुबह 7:15 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मूर्ति स्थापना में यजमान सुभाष कुमार अग्रवाल निवासी हैदराबाद व विजय कुमार सिंघल निवासी दिल्ली होंगे।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, केस

**महेंद्रगढ़।** दीवान कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर चोरी करके ले गया हैं। पीड़ित ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सचिन कुमार ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह गांव दुलोठ अहीर का निवासी हैं। बीती सात जुलाई को पिता संतोष बाइक लेकर दीवान कॉलोनी में शादी का कार्ड देने के लिए आया था। फिर घर के बाहर बाइक खड़ी करके अंदर चला गया। फिर 10-15 मिनट बाद बाहर आया तो हमारी बाइक वहां पर नहीं मिली।

### सिंचाई के लिए लगाए गए फव्वारे व पाइप चोरी

**कनीना।** कनीना के किसान की ओर से कपास फसल की सिंचाई के लिए लगाए गए फव्वारा नोजल अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए। इस बारे में किसान नरेश कुमार ने बताया कि कनीना-उन्हाणी मार्ग पर खेत में कपास की बिजाई कर रखी है। जिसकी सिंचाई के लिए 13 पीत्तल की फव्वारा नोजल लगाई हुई थी। सुबह छह बजे वह अपने खेत में पहुंचा तो कुछ पाइप टूटे हुए मिले तो कुछ पाइप व नोजल गायब मिले। किसान नरेश कुमार ने छह फव्वारा व 15 पाइप अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए।

### कार से 123 बोतल अवैध शराब बरामद

**कनीना।** शहर थाना पुलिस ने छापेमारी कर एक कार से अवैध शराब की है। थाना इंचार्ज रवि मेहरा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने महेंद्रगढ़ रोड पर दबिश दी। जहां एक कार खड़ी दिखाई दी। पुलिस कर्मियों ने उसकी जांच की तो उसमें तीन पेटी बोतल देशी शराब, एक पेटी अध्धा, छह पेटी पव्वा सहित कुल 123 बोतल शराब बरामद हुई। आरोपित कार चालक से इस बारे लाईसेंस व परमिट मांगा तो वह पेश नहीं कर सका। अवैध शराब रखने के आरोपित की पहचान योगेश वासी नांगल हरनाथ के रूप में हुई है।

### डंपर की टक्कर लगने से ट्रैक्टर पर सवार की मौत

**नारनौल।** नारनौल-जयपुर मार्ग पर ढाणी बाठोठा फ्लाईओवर के पास डंपर की चपेट में आने से ट्रैक्टर सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव इकबालपुर नंगली निवासी ट्रैक्टर चालक अरुण व छोटेलाल ट्रैक्टर-ट्राली में टाइल भरकर अटेली के एक गांव में खाली करने गए थे। जब वह अटेली से अपने गांव की तरफ आ रहे थे तो नेशनल हाईवे नंबर:148 बी पर ढाणी बाठोठा के नजदीक अनियंत्रित डंपर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर के दो टुकड़े हो गए। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक अरुण गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ट्रैक्टर पर सवार युवक छोटेलाल की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद दोनों को नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जहां छोटेलाल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं ट्रैक्टर चालक अरुण को प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया।

# मिशन एडमिशन: पीजी कोर्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू और यूजी की दूसरी मेरिट लिस्ट होगी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार कॉलेजों में पीजी कोसार्रे में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया आज यानि 12 जुलाई से शुरू होगी, जो 25 जुलाई तक चलेगी। इसके साथ-साथ पोर्टल में आवेदन करते समय हुई गलतियों के सुधार के लिए भी विकल्प दिया जाएगा। यह रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से होगा। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच 15 जुलाई से 27 जुलाई तक की जाएगी। इसके बाद 30 जुलाई को पहली प्रोविजन मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इसके बाद पहली काउंसिलिंग में भाग लेने वाले विद्यार्थी दो अगस्त तक फीस जमा करवाकर दाखिला ले सकते है। वहीं दूसरी ओर यूजी में दाखिले के लिए शुक्रवार को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। यूजी प्रथम वर्ष में दाखिला लेने के लिए प्रथम मेरिट लिस्ट में शामिल किए गए विद्यार्थियों को फीस जमा करवाने का बुधवार अंतिम दिन था। इससे पहले फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि नौ जुलाई थी, जिसे उच्चतर शिक्षा विभाग से एक दिन बढ़ाकर 10 जुलाई कर दिया था। राजकीय पीजी कॉलेज में अंतिम दिन तक प्रथम मेरिट लिस्ट में शामिल कुल विद्यार्थियों में से मात्र 522 छात्र-छात्राओं ने फीस जमा करवाकर दाखिला कंफर्म किया है। कॉलेज में सभी छह संकाय की कुल 1540 सीटें स्वीकृत है।

आपको बता दें कि जिले के सबसे पुराने पीजी कॉलेज में दाखिला लेने के लिए अंतिम दिन 30 जून तक सभी संकाय में कुल 3425 छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इसके बाद पांच जुलाई को प्रथम मेरिट लिस्ट जारी की गई थी। इसमें स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को 10 जुलाई तक फीस जमा करवाकर दाखिला कंफर्म करना था। जिस पर अंतिम दिन 10 जुलाई तक सभी छह संकाय में कुल 522 छात्र-छात्राओं ने फीस जमा करवाकर दाखिला कंफर्म किया है। जिससे में सबसे अधिक बीए प्रथम में 223 छात्र-छात्राओं व सबसे कम बीबीए में 13 विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाकर दाखिला कंफर्म किया है। इसके अलावा बीकॉम में 52 छात्र-छात्राओं, बीसीए में 18, बीएससी लाइफ साइंस में 66 व बीएससी फिजिकल साइंस में 150 विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई है।



नारनौल। राजकीय महाविद्यालय। फोटो: हरिभूमि

### आज जारी होगी दूसरी मेरिट लिस्ट

पीजी कॉलेज के दाखिला कमेटी के नोडल अधिकारी डा. सतीश सैनी ने बताया कि यूजी में दाखिले के लिए शुक्रवार को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। इसमें शामिल विद्यार्थियों को 12 से 15 जुलाई तक फीस जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को 100 रुपये की रेडक्रॉस से रसीद कटवाना अनिवार्य है। डा. सतीश सैनी ने बताया कि इसके बाद 17 जुलाई को प्रथम व द्वितीय मेरिट लिस्ट में शामिल विद्यार्थियों को फिजिकल कॉउंसलिंग के तहत दाखिले दिए जाएंगे। वहीं 17 जुलाई से ही पोर्टल रि-ओपन किया जाएगा। जिस पर दाखिले से वंचित विद्यार्थी 30 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इन विद्यार्थियों को लेट फीस जमा करवाकर दाखिला दिया जाएगा।

| संकाय | सीट | दाखिला |
|---|---|---|
| बीए | 660 | 223 |
| बीबीए | 40 | 13 |
| बीकॉम | 240 | 52 |
| बीसीए | 40 | 18 |
| बीएससी लाइफ साइंस | 160 | 66 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 400 | 150 |

- पीजी कॉलेज में 522 विद्यार्थियों ने जमा करवाई फीस, आज जारी होगी दूसरी मेरिट लिस्ट
- सबसे अधिक बीए में 223 व सबसे कम बीबीए में 13 विद्यार्थियों ने फीस जमा कर किया दाखिला कंफर्म
- कॉलेज में 6 संकाय की कुल 1540 सीटें है स्वीकृत
- 3425 छात्र-छात्राओं ने किया था दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन

### वारदात के बाद शहर में दहशत का माहौल

# शुल्क मांगने पर टोल प्लाजा कर्मी पर किया फायर, चाकुओं से हमला

पुलिस ने तत्परता पूर्वक कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गाड़ी समेत दबौचा, ट्रेक रिकॉर्ड खंगालने में जुटे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

सिरोही बहाली टोल प्लाजा पर अपराधिक वारदातों पर अंकुश नहीं लग पाया है। वीरवार सुबह करीब 8:30 बजे शुल्क मांगने पर फॉरच्यूनर सवारों ने टोल कर्मचारी के मुंह पर फायर कर दिया। दूसरे कर्मी पर चाकूओं से हमला किया गया। दोनों पीड़ितों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। स्थिति नाज़ुक होने पर चिकित्सकों ने पीड़ितों को प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया। दूसरी ओर पुलिस ने तत्परता पूर्वक कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को गाड़ी समेत दबौच लिया है। वारदात के बाद शहर में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के मुताबिक टोल पर फास्टेग सुविधा उपलब्ध है। निर्धारित सीमा में वाहन के प्रवेश करते ही स्केनर से पेमेंट रिसीव की जाती है। करीब 8:30 बजे नारनौल की तरफ से एक फॉरच्यूनर टोल पर पहुंची, जिस पर फास्टेग नहीं होने के कारण स्केनर से शुल्क अदायगी नहीं हुआ। कर्मचारियों ने बेरीकेट लगाकर वाहन चालक से शुल्क अदायगी करने को कहा। जिस पर फॉरच्यूनर सवार आग-बबूले हो गए, एक सवार नीचे उतरा व कर्मचारी पर लात व घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। दूसरे सवार ने तेजधार हथियार से हमला किया। जिससे घायल होकर पीड़ित जमीन पर गिर गया। तीसरे युवक ने एक कर्मचारी के मुंह पर फायर कर दिया, गोली जबड़े के ऊपरी हिस्से पर गाल में लगी। वारदात को अंजाम देकर तीनों बदमाश कोटपूतली की तरफ भाग गए। फायरिंग की आवाज सुनकर कार्यालय के कर्मचारी बूथ पर पहुंचे तथा घायलों को सीएचसी नांगल चौधरी में भर्ती करवाया गया। चेकअप के दौरान पीड़ित के मुंह पर गोली लगने की पुष्टि हुई, जिसके कई प्रमाण भी मिले हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ितों के बयान कलमबंद किए। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। नंबरों के आधार पर खोजबीन करना शुरू किया तथा दोपहर करीब 1:30 बजे फॉरच्यूनर गाड़ी तथा तीनों आरोपित पिस्टल समेत दबौच लिए। दूसरी ओर फायर में घायल एक पीड़ित की हालात नाजुक बताई जा रही है, जिसे एक निजी अस्पताल के आईसीयू वार्ड में रखा गया है।



नांगल चौधरी। फायरिंग में घायल युवक का अस्पताल में उपचार करते चिकित्सक व टोल प्लाजा की सीसीटीवी फुटेज। फोटो: हरिभूमि

### दोनों पक्षों में हुई मारपीट, टोल कर्मियों पर भी दर्ज होगा केस

थाना इंचार्ज रविंद्र कुमार ने बताया कि फायरिंग के आरोपितों ने नांगल चौधरी सीएचसी में एमएलआर कटवाई है। जिसके अनुसार गोलीबारी से पहले दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। इसके बाद फॉरच्यूनर सवार एक युवक ने फायर किया है। सभी आरोपितों को हिरासत में ले लिया गया है। दूसरे पक्ष पर भी केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामले की पूरी छानबीन के लिए टीम का गठन कर दिया है।



नारनौल। पत्रकारवार्ता करते सफाई कर्मचारी नेता। फोटो: हरिभूमि

# आज झाड़ू प्रदर्शन करेंगे नप सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नगर परिषद के सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर 12 जुलाई को काले झंडों व उल्टी झाड़ू के साथ प्रदर्शन करेंगे और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के सचिव द्वारा जारी पत्र की प्रति जलाते हुए सरकार को ज्ञापन प्रेषित कर इस पत्र को वापस लेने की मांग करेंगे। यह जानकारी नगर पालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने नगर परिषद परिसर में एक पत्रकारवार्ता आयोजित करके दी।

संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष एवं कर्मचारी नेता महेंद्र सिंह संगेलिया ने आरोप लगाया कि सरकार ने सफाई कर्मचारियों का शोषण करने की सभी सीमाएं की पार कर दी हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम की तर्ज पर सफाई कर्मचारी व सीवर मैन के लिए अलग पोर्टल बनाकर अलग से वेतन निर्धारित कर समाज की मुख्य धारा से अलग करने का षड्यंत्र रच दिया है, लेकिन इसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार बार-बार प्रदर्शन कर चेताने के बाद भी हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। इसलिए हम अपनी मांगों को लेकर 12 जुलाई को काले झंडों व उल्टी झाड़ू के साथ शहर में प्रदर्शन करेंगे और इस दौरान शहरी स्थानीय निकाय विभाग के सचिव द्वारा जारी पत्र की प्रति जलाएंगे। बाद में प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजकर पत्र को वापस लेने की मांग करेंगे। संगेलिया ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने 20 जून तक मांगों का समाधान नहीं किया तो कर्मचारी 21 जुलाई को रोहतक में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर प्रदेशव्यापी बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी। इस मौके पर जिला सचिव राहुल सारवान, नारनौल इकाई प्रधान सुरेश कुमार जैदिया, सचिव महाबीर, दरोगा प्रताप सिंह, रामौतार व मीडिया प्रभारी महावीर वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।


मंडी अटेली। अपनी मांगों को लेकर विधायक सीताराम को ज्ञापन सौंपते विद्युत कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

# अनुबंध विद्युत कर्मचारी संघ ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

- 12 जून 2023 को जो समझौता मैनेजमेंट के साथ हुआ था, उसे लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

**मंडी अटेली।** अनुबंध विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ के सदस्यों ने गुरुवार को जिला अध्यक्ष आशीष गोरा एवं जिला सचिव कर्मवीर जाखड़ के नेतृत्व में कर्मचारियों ने अपनी मांगों का ज्ञापन अटेली से विधायक सीताराम यादव को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा सौंपा। कर्मचारियों ने कहा कि आज बिजली निगम का पूरा बोझ अनुबंधित कर्मचारियों के कंधे पर है। प्रदेश में किसी भी समय बाढ़, कारोना काल, भीष्ण गर्मी, सर्दी में भी बिजली सेवा सुचारु रूप से चले, इसलिए कार्य करते हुए अभी तक पूरे प्रदेश में दर्जनों अनुबंधित कर्मचारी अपनी जान गवां चुके हैं। सैकड़ों कर्मचारियों के अंग भंग हो चुके हैं। अपनी जान पर खेल कर काम करने वाले अनुबंधित कर्मचारियों को सरकार एवं विभाग की तरफ से बहुत कम वेतन और नाम मात्र सुविधा मिल रही है। इसमें संगठन की मुख्य मांग सरकार द्वारा रेगुलर पॉलिसी बनाई जाए, जिसमें विद्युत विभाग के सभी कर्मचारियों को बिना किसी शर्त शामिल किया जाए, इसके साथ-साथ कैशलेश मेडिकल पॉलिसी, रिस्क अलाउंस, ग्रेच्युटी, एलटीसी उपलब्ध करवाई जाए। इसको लेकर 12 जून 2023 को जो समझौता मैनेजमेंट के साथ हुआ था, उसे लागू करने एवं अन्य मांगे शामिल है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला से सोनू यादव अटेली, अशोक सैनी, सर्वेश यादव, कोषाध्यक्ष आनंद, उपप्रधान नवीन, महेश सैनी, ओमबीर यादव, उपप्रधान गोपाल, सचिव कर्ण सिंह, अशोक पूनिया, सचिव नरेश, सरजीत, कैलाश, नंदलाल, देवेंद्र, धर्मवीर आदि कर्मी उपस्थित रहे।

### समाधान शिविरों में डीसी मोनिका गहर रोज कर रही सुनवाई

**नारनौल।** राज्य सरकार के निर्देश पर लगाए जा रहे समाधान शिविरों की उपायुक्त मोनिका गुप्ता हर रोज व्यक्तिगत रूप से सुनवाई कर रही हैं। साथ ही अधिकारियों को शिकायतों का तुरंत समाधान सुनिश्चित के निर्देश दिए गए हैं। वीरवार को जिले में लगे समाधान शिविरों में कुल 123 मामले सुनवाई के लिए रखे गए। डीसी ने कहा कि प्रशासन पारदर्शी और जवाबदेह शासन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। समाधान शिविर इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक कदम है। वहीं अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में डीसी कोर्ट में पहचान पत्र से संबंधित कार्य किए गए। यहां पर भी लोगों के मौके पर ही काम किए गए। इस मौके पर डीएमसी महावीर प्रसाद, एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह, नगराधीश मंजीत कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।


नारनौल। नागरिकों की शिकायतें सुनती डीसी मोनिका गुप्ता।

### सड़क हादसे में राजस्थान के युवक की मौत

**नारनौल।** हमीदपुर नदी के पास नेशनल हाइवे दिल्ली-जैसलमेर नंबर 11 पर सड़क हादसे में करीब 34 वर्षीय पंकज पुत्र दामोदर वासी गरवा बस्ती जिला झुंझुनूं की मौत हो गई। पुलिस को दिए बयान में मृतक के परिजनों विजय मेहरिया एवं उनके पिता दामोदर ने बताया कि पंकज का बेहतरीन एवरग्रीन कलाकार किस्म का व्यक्तित्व था और उसे जिस काम में डाल दो, उसे ही बखूबी अंजाम दे देता था। बीते दिवस वह नारनौल के मोहल्ला रावका निवासी संजय दायमा के साथ आवश्यक कार्य से बाइक से नारनौल आए हुए थे, लेकिन जब शाम को करीब छह बजे वह वापस जा रहे थे, तब पंकज की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और हमीदपुर नदी क्षेत्र में सड़क पर पड़े पत्थर से टकरा गया। फिर सिर पत्थर में लगने से उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि संजय तब उसके साथ ही था, लेकिन संजय ने पंकज की कोई मदद नहीं की तथा वह दुर्घटनाग्रस्त बाइक को वहां से लेकर भाग गया। बाद में पुलिस वहां पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

### पहले दिन सेहलंग व अटेली मंडी और दूसरे दिन मुंडिया खेड़ा, सुंदरह व कनीना में करेंगे सभा

# केंद्रीय राज्यमंत्री इंद्रजीत सिंह व उनकी बेटी आरती राव कल आएंगे अटेली, कार्यकर्ताओं से होंगे रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह के अटेली में 13 जुलाई को होने वाले कार्यक्रम को लेकर उनके समर्थकों ने वीरवार को पत्रकारवार्ता की। राव इंद्रजीतसिंह अटेली विधानसभा में 13 जुलाई को दो दिवसीय दौरे में पहले दिन सेहलंग व अटेली मंडी और दूसरे दिन 14 जुलाई को मुंडिया खेड़ा, सुंदरह व कनीना में सभा करेंगे। इस वार्ता में कार्यक्रम के आब्जर्वर राव छोटेलाल, नपा पूर्व चेयरमैन विकास यादव, बाछौद पैक्स चेयरमैन दिनेश जेलदार व विक्रम सरपंच विशेष रूप से मौजूद रहे। समारोह में राज्यमंत्री के साथ उनकी बेटी आरती राव भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगी। इस मौके पर नपा के पूर्व चेयरमैन विकास यादव ने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह चौधरी धर्मबीर के समर्थन में चुनावों से पूर्व क्षेत्र के लोगों से अपील के लिए जनसंपर्क किया था। उनकी अटेली में जिले से सबसे अधिक लीड मिली। लोगों का आभार व क्षेत्र की समस्याओं को लेकर भी लोगों से रूबरू होंगे। हैफेड के प्रशासक कार्यक्रम के आब्जर्वर राव छोटेलाल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री भले ही गुरुग्राम के सांसद हैं, लेकिन महेंद्रगढ़ जिले के लोगों को भी वे दिल से चाहते हैं। केंद्र में भाजपा की सरकार में तीसरी बार मंत्री बनने के बाद पहली बार जिले में आगमन हो रहा है। रामपुरा हाउस समर्थकों व पार्टी वर्कर द्वारा भव्य स्वागत व अभिनंदन किया जाएगा। पैक्स चेयरमैन दिनेश जेलदार ने कहा कि समारोह में बहन आरती राव विशेष रूप शरीक करने के साथ अटेली विधायक सीताराम समेत पार्टी के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। विक्रम सरपंच ने कहा कि केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत अभिनंदन करने के लिए अटेली क्षेत्र के गांवों में पिछले एक सप्ताह से लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। लोकसभा के चुनावों में चौधरी धर्मबीर के समर्थन में वोटों की अपील करने से अहीरवाल में खासी बढ़त मिली। विधानसभा के चुनावों समीप होने के चलते यह समारोह काफी महत्पूर्ण है। इस मौके पर सुजापुर के सरपंच सतबीर सरपंच, धर्मेंद्र सरपंच, युवा नेता जगमोहन राताे, थानेदार सतीश, अशोक नावदी व बाबूलाल सरपंच विशेष रूप से मौजूद रहे।


मंडी अटेली। पत्रकारवार्ता करते राव समर्थक। फोटो: हरिभूमि

जंतु जगत / शिखर चंद जैन

बच्चों, अगर तुमसे पेड़ों पर रहने वाले जीवों के बारे में पूछा जाए, तो तुम्हारे दिमाग में सबसे पहले पक्षियों का नाम आएगा। लेकिन पक्षियों के अलावा भी कई ऐसे जंतु हैं, जो पेड़ों पर रहना पसंद करते हैं। हम यहां तुम्हें ऐसे ही कुछ अनोखे जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

# पक्षियों की तरह इनको भी भाता है पेड़ों पर रहना

बच्चों, पक्षियों को तो तुम एक पेड़ से दूसरे पेड़ की शाखाओं पर फुदकते देखते ही होगे। तुम यह भी जानते होगे कि अधिकांश पक्षी, पेड़ों के झुरमुटों में ही घोंसला बनाकर रहते हैं। लेकिन इनके अलावा भी दुनिया भर में ऐसे कई जंतु हैं, जो पेड़ों पर ही अधिकतर समय रहते हैं। इनमें से कुछ के बारे में हम यहां बता रहे हैं।

## कोआला यूकेलिप्टस पेड़ पर होते हैं निर्भर



**मूल रूप** से ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला कोआला, बेहद क्यूट, किसी खिलौने की तरह दिखता है। आमतौर पर ये दक्षिणी-पूर्वी और पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के यूकेलिप्टस पेड़ों के जंगलों में पाए जाते हैं। अपने भोजन के लिए ये पूरी तरह यूकेलिप्टस पेड़ की पत्तियों पर ही निर्भर होते हैं। कोआला बहुत ही आलसी होते हैं। ये दिन में 18 घंटे तक सोते हैं। ये बहुत ही कम पानी पीते हैं। भोजन के साथ-साथ इनकी पानी की जरूरतें भी यूकेलिप्टस की पत्तियों से ही पूरी हो जाती हैं। *

## स्लॉथ हफ्ते में एक बार उतरता है पेड़ से नीचे



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के ट्रॉपिकल जंगलों में पाया जाने वाला स्लॉथ, अपने नाम के मुताबिक बेहद आलसी और ढीला-ढाला प्राणी है। यह रोजाना 20 घंटे तक सोता रहता है या जागने पर भी बहुत ज्यादा हिलता-डुलता नहीं है। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि यह सात-आठ दिनों में एक बार ही पेड़ से नीचे उतरता है, बाकी समय यह पेड़ की डाल पर या तो उल्टा लटका रहता है या फिर पेड़ से चिपका रहता है। यह बिना जमीन पर उतरे, एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक उनकी शाखाओं के जरिए चला जाता है। जमीन पर चलना इनके लिए बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि इन्हें किसी चीज का सहारा लेकर ही हिलने-डुलने और चलने की आदत होती है। *

## ट्री-कंगारू पेड़ों पर लंबी छलांग लगाने में माहिर



**ट्री-कंगारू,** ऑस्ट्रेलियन कंगारू से अलग प्रकार का जंतु है। ये ऑस्ट्रेलियन कंगारू की तरह जमीन पर नहीं कूदते। ये पेड़ों पर तेजी से चढ़ने और पेड़ों से लंबी छलांग लगाने में माहिर होते हैं। इन्हें ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के वर्षा वनों में देखा जा सकता है। हालांकि ट्री-कंगारुओं की संख्या अब बहुत कम रह गई है। जीव-विज्ञानियों का मानना है कि पहले ट्री-कंगारू भी आम कंगारू की तरह ही जमीन पर रहते थे। लेकिन बाद में इन्होंने पेड़ों पर रहने की आदत अपना ली। *

## टार्सियर घने पेड़ों में रहना करता है पसंद



**टार्सियर को** दुनिया का दूसरा सबसे छोटा 'प्राइमेट' (मानवाकार वानर की एक प्रजाति) माना जाता है। ये फिलिपींस सहित दक्षिण-पूर्वी एशिया के द्वीपों और जंगलों में पाए जाते हैं। इनकी आंखें बहुत बड़ी-बड़ी होती हैं। ये निशाचर, यानी रात में अधिक एक्टिव रहने वाले प्राणी खुद को घने पेड़ों के बीच अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं। इसलिए ये अपना ज्यादातर समय घने पत्तों वाले पेड़ों के बीच ही बिताना पसंद करते हैं। एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर छलांग लगाते हुए ये पूरा जंगल घूमते रहते हैं। आराम करते या सोते वक्त पेड़ से गिर ना जाएं, इसके लिए ये अकसर अपनी लंबी पूंछ को पेड़ की शाखा से लपेट लेते हैं। टार्सियर, एकमात्र ऐसे प्राइमेट हैं, जो पूरी तरह मांसभक्षी हैं। *

## स्क्वेरल मंकी खूब करते हैं पेड़ों पर मस्ती



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के वर्षा वनों में प्यारे-प्यारे स्क्वेरल मंकी (गिलहरी बंदर) को पेड़ों की शाखों पर उछलकूद, मस्ती या आराम करते देखा जा सकता है। नटखट बच्चों जैसे दिखने वाले छोटे आकार के ये अनूठे बंदर, बहुत शरारती होते हैं। दिन हो या रात, इनका ज्यादातर समय पेड़ों पर ही बीतता है। रात के समय ये पेड़ की मोटी शाखाओं पर पेट के बल सो जाते हैं और अपने हाथों से उसे पकड़े रहते हैं। इन्हें काफी स्मार्ट माना जाता है, क्योंकि अन्य बंदर की प्रजातियों की तुलना में इनका ब्रेन, इनकी बॉडी के अनुपात में बड़ा होता है। *

## लेपर्ड पेड़ों पर आराम फरमाना करता है पसंद



**लेपर्ड यानी** तेंदुआ एक मांसाहारी जंगली जंतु है। यह पैंथेरा जीनस यानी बड़ी बिल्ली परिवार का सबसे छोटे आकार का सदस्य होता है। इसे हरे-भरे पेड़ों की शाखों पर आराम करने में बड़ा मजा आता है। यह दिन में ही नहीं रात में भी पेड़ पर ही अधिकतर समय रहता है। यह अपने शिकार का पीछा करते हुए आसानी से पेड़ की ऊंचाइयों तक पहुंच जाता है या फिर पेड़ों के ऊपर छिपकर नीचे अपने शिकार पर नजर रखता है। भारत और चीन समेत मध्य एशिया के कई देशों और अफ्रीका में लेपर्ड बहुतायत में पाए जाते हैं। *

## जीके क्विज-112

1. हाल ही में भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनने का गौरव किसे हासिल हुआ है?
2. 31 जुलाई को हिंदी के किस प्रसिद्ध लेखक की जयंती मनाते हैं?
3. सात टापुओं का नगर के नाम से किस शहर को जाना जाता है?
4. प्राचीन भारत में मगध साम्राज्य की प्रारंभिक राजधानी कहां थी?
5. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. सांची के स्तूप किस राज्य में स्थित हैं?
8. 'यक्षगान' किस राज्य का लोक नृत्य है?
9. हल्दी घाटी का युद्ध किस-किस के बीच हुआ था?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी का क्या नाम है?



बच्चों, जीके क्विज-112 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-111 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.रोहित शर्मा, 3.राजनाथ सिंह, 4.11 जुलाई, 5.4 वर्ष, 6.एम. फातिमा बीबी, 7.सरोजिनी नायडू, 8.आर्कटिक महासागर, 9.यमुना, 10.काला

**जीके क्विज-111 का सही उत्तर देने वाले :** जितेंद्र-बालाघाट, शुभम-बिलासपुर, मानवी मधुकर-बिलासपुर, अजय-कोर्रा, रेणुका धुरंधर-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, समीर-ईमेल से, आत्रेयन-ईमेल से, रितेश-मटियारी, विशु-मनकी लोरमी, सोनल-रायपुर, आकाश-रोहतक

## हंसगुल्ले

**मोनू :** यार, तुम तो कहते थे, गूगल हर बात की जानकारी दे सकता है, लेकिन ये तो किसी काम का नहीं!
**सोनू :** क्यों, क्या हुआ?
**मोनू :** क्या फायदा इस गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आएंगे?

**-प्रियांश, रोहतक**

**पापा :** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**चिंटू :** कोई बात नहीं पापा! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।

**-काव्या, रायपुर**

रोहन एक काला और एक सफेद जूता पहनकर स्कूल आया।
**टीचर :** ये क्या है, घर जाओ और जूते बदलकर आओ।
**पप्पू :** कोई फायदा नहीं सर, घर में भी एक काला और एक सफेद जूता ही रखा है।

**-साकेत, दुर्ग**

गुदगुद भालू को जब पता चला कि पेड़ गब्दू हाथी को चोरी-छुपे कहानी सुनाता है तो वह भी मचल उठा कि पेड़ उसे भी कहानी सुनाए। गुदगुद भालू को यह भी जिज्ञासा हुई कि पेड़ इतनी कहानियां लाता कहां से है? पेड़ ने क्या गुदगुद भालू को कहानी सुनाई ? क्या यह भी बताया कि वह इतनी कहानियां कैसे सुना लेता है ? बच्चों, पढ़ो यह मजेदार कहानी।

# कहानी सुनाने वाला पेड़

कहानी
समीर गांगुली



हालांकि यह मुहावरा उस पर जमता नहीं है, फिर भी गुदगुद भालू समझ गया था कि 'दाल में कुछ काला' है। इसलिए वह एक टीले के पीछे छिपकर कुछ देखने और सुनने की कोशिश कर रहा था। उसने सुना, पेड़ डांटते हुए गब्दू हाथी से कह रहा था, 'भाग जा, नहीं तो अपनी टहनियां झुका-झुका कर तुझे पीटूंगा।' लेकिन गब्दू जो असल में आठ महीने का हाथी का बच्चा था, गर्दन और सूंड को जोर-जोर से हिलाते हुए कहे जा रहा था, 'बस एक.. बस एक... फिर चला जाऊंगा।' पेड़ आज गब्दू से बहुत चिढ़ा हुआ था। चिल्ला-चिल्लाकर कह रहा था, 'सवाल ही नहीं उठता! तू रोज अपनी कान फाड़ू आवाज से मुझे कच्ची नींद से जगा देता है। फिर भी नहीं जागूं तो अपने भारी सिर से मेरे धड़ को ठोक-ठोक कर मुझे उठाता है। मेरे तीन सौ सैंतीस पत्ते गिरा दिए, मुझे घायल कर दिया... और फिर कहता है, तुझे कहानी सुनाऊं। जा, नहीं सुनाऊंगा।' 'ओह, तो ये चक्कर है!' अब गुदगुद भालू टीले की आड़ से एक जासूस की तरह बाहर निकल आया। पेड़ के पास जाकर बोला, 'तो आज तुम रंगे हाथों पकड़े गए।' हालांकि पेड़ के लिए यह मुहावरा भी ठीक नहीं था, क्योंकि पेड़ के तो हाथ होते ही नहीं।

पेड़ अब और ज्यादा परेशान हो गया। अब उसके सामने थे दो छंटे हुए नटखट बदमाश- एक भालू का बच्चा, दूसरा हाथी का बच्चा।

पेड़ ने टालने की खातिर कहा, 'मुझे तुम दोनों के नाम पसंद नहीं। पहले घर जाओ, नहाकर और नाम बदलकर आओ।' गुदगुद भालू अपने दोनों हाथ कमर पर रखकर ऐंठते हुए बोला, 'आज पता चला, तुम्हीं हो कहानी सुनाने वाले पेड़। इस गब्दू छोटे हाथी को छिप-छिप कर कहानी सुनाते हो, मेमनों को भी तुम्हारे आस-पास चक्कर लगाते मैंने देखा है। अब तो मैं भी कहानी सुनकर ही जाऊंगा।' पेड़ उन्हें टालने की गरज से बोला, 'अभी मुझे नींद आ रही है, शाम को आना।' इस बार गब्दू हाथी बोला, 'दिन में सोना अच्छी बात नहीं। चलो, शुरू हो जाओ। शैतान शेर, नहीं तो खौफनाक भूत की कहानी सुनाओ।' गुदगुद भालू ने गब्दू हाथी की बात खत्म होते ही पेड़ से पूछा, 'और पहले ये बताओ, इतनी सारी कहानियां तुम्हें मिलीं कहां से?' पेड़ समझ गया कि अब इन दोनों बदमाशों से पीछा छुड़ाना मुश्किल है, इसलिए वह एक बार जोर से झूमा फिर उसने बताना शुरू किया, 'मेरे नीचे या शाख पर जो भी आकर बैठता है, उसके चौदह पुरखों की कहानियां मेरे सामने आ जाती हैं। रोज ही ना जाने कितने पशु-पक्षी मेरी शाखों पर बैठते हैं या मेरी पत्तियां, फल-फूल खाने के लिए यहां आते हैं। दिन-रात कितने ही भले और बुरे आदमी मेरी छांव में बैठकर सुस्ताते हैं। कई बार रात-बेरात भी आकर बैठ जाते हैं। फिर मेरे सामने उनकी और उनके पुरखों के कारनामों की कहानियां जिंदा होकर प्रकट हो जाती हैं। मैं चुपचाप उन्हें देखता हूं। उनमें से जो कहानियां सुनाने लायक होती हैं, बस किसी-किसी को सुना देता हूं, लेकिन सबको नहीं।'

गुदगुद भालू नकली गुस्सा दिखाते हुए पेड़ से बोला, 'जी तो चाहता है, इसकी सजा दूं तुझे। तेरी दो-चार टहनियां तोड़ दूं ऊपर चढ़कर।' गुदगुद की बातें सुनकर पेड़ हंसते हुए बोला, 'कोशिश करके देखो, तुम्हारा भी वही हाल करूंगा, जो तुम्हारे गुस्सेबाज पिता का किया था। घर जाकर पूछना, धक्का देकर नीचे गिराया था और अपनी टहनियों से तड़ातड़ पीटा था।' गुदगुद भालू पेड़ की बात सुनकर झेंप गया। लेकिन गब्दू हाथी पेड़ की बात सुनकर पहले तो खूब हंसा और फिर हंसते हुए बोला, 'भई, मजा आ गया इस कहानी को सुनकर।' गुदगुद भालू पेड़ के मजाक से अभी तक दुखी और नाराज था। गुदगुद को दुखी देखकर पेड़ को भी दुख हुआ, उसने गुदगुद से कहा, 'अरे, मैंने तो मजाक किया था, तुम हो कि बुरा मान गए! अच्छा चलो, मैं तुम्हारी नाराजगी दूर करने के लिए एक गाना गाता हूं।' फिर पेड़, गुदगुद को मनाने के लिए गाने लगा। यह एक डांस-नंबर था, जिसे सुनकर गुदगुद भालू और गब्दू हाथी दोनों नाचने लगे।

पेड़ को पता था कि उसकी डाल पर कुछ पक्षी और जानवर चुपचाप बैठकर सारी बातें सुन रहे हैं। पेड़ ऊंची आवाज में बोला, 'ऊपर छिपे कौव्वे, सांप, बंदर और तोते भी नीचे आ जाएं, नहीं तो मैं अभी सबके पुरखों की पोल खोलता हूं।'

सबके सब नीचे उतर आए और दोस्तों की तरह एक घेरा बनाकर बैठ गए। बोलने वाले पेड़ ने जंगल के जंतुओं को एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानी सुनाई। सब कहानी सुनकर बहुत खुश हुए। *

कविता
गोविंद भारद्वाज




## आई जुलाई

छुट्टियां सकल बीत गईं,
फिर आया माह जुलाई।
हम सभी की विद्यालय में,
जाने की बारी आई।।
कॉपी-पेंसिल संभालो,
बस्ते अब झाड़ो भाई।
फिर से शाला जाने को,
पापा ने बस लगवाई।।
गणवेश सिली शाला की,
मिली एक सुंदर टाई।
जूते, मोजे लिए नए,
विधि पहन-पहन इतराई।।
बेल्ट लगी सुंदर अपनी,
किताबें नई दिलवाई।
स्कूल खुलने की खुशी में,
रीता-गीता इठलाई।

## रंग भरो-154

**रंग भरो-154** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



प्रगति, बिलासपुर



पृथ्वीराज, बिलासपुर



देवी, रायपुर



सौम्य, बालोद



आतिया, बहादुरगढ़

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, भूमिका-बागबाहरा, दिशांत-महेंद्रगढ़, लावण्या-बेमेतरा, पलक-धमतरी, सक्षम-रायपुर, युक्ति-धमतरी, दिव्या-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, भूमिका-दुर्ग, अंचित-सोनीपत, आर्यन-करनाल, अमन-भोपाल, दीपा-बलौदा बाजार, हंसिका-मटियारी


## रंग भरो 155

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों के बाद फिर से स्कूल खुल गए हैं। यहां स्कूल जाते हुए बच्चों का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## सही परछाई बताओ

बच्चों, यहां एक खेलते हुए बच्चे का चित्र दिया गया है। इसके बगल में इस चित्र की कई परछाइयां भी हैं। तुम्हें ध्यान से देखकर बताना है कि बच्चे के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: D

## खबर संक्षेप

### सीएल में जनसंख्या दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित

**नारनौल।** सीएल पब्लिक स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि के प्रति आज के युवाओं को जागरूक करना था। इस प्रतियोगिता के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि से होने वाले दुष्परिणामों और आने वाली कठिनाईयों के बारे में बच्चों को अवगत करवाया गया। इसमें बच्चों ने अपनी कविताओं, पाठ, भाषणों, नाटक प्रस्तुतियों से जनसंख्या वृद्धि से होने वाली समस्याओं व उनके निवारण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य रविंद्र सिंह ने जनसंख्या वृद्धि से समाज व विश्व में उपजी समस्याओं के बारे में सभी को अवगत करवाया और अपने आसपास सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

### बरसात का पानी पेड़-पौधों के लिए फायदेमंद

**नारनौल।** गर्मी के भयंकर प्रकोप से छुटकारा पाने के लिए हर कोई मानसून का बेसब्री से इंतजार करता है। लोगों के साथ-साथ पेड़-पौधे भी बरसात के बाद खिले-खिले दिखाई देते है। बच्चों को पौधा लगाने का बड़ा चाव होता है। बच्चों को यह प्रेरणा स्कूल या सामाजिक सगंठनों द्वारा चलाए गए मिशन से मिलती है। गांव ढाणी बाठोठा के छोटे बच्चों ने मिलकर दस पौधे लगाए तथा उन्होंने उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लिया। जिस तरह बरसात का पानी पेड़-पौधों के लिए फायदेमंद होता है, ठीक उसी तरह से बारिश के पानी की वजह से पेड़-पौधों को कुछ नुकसान भी झेलने पड़ सकते है।

### राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पौधारोपण

**सतनाली मंडी।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें हरियाणा राज्य एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. दिनेश कुमार मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने एक-एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा का प्रण लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. दिनेश कुमार ने कहा कि पृथ्वी हमारी मां है, यह हमारा पालन पोषण करती है। हमें पर्यावरण को स्वच्छ रखना है। उन्होंने कहा कि एनएसएस एक योजना न होकर एक व्यक्तित्व विकास की यात्रा है। इससे स्वयंसेवकों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी धर्मसिंह ने पर्यावरण गीत के माध्यम से वनों व एनएसएस के महत्व को दर्शाया।

## बीपीएल परिवारों से सरकार से मासिक किस्त की राशि कम करने की मांग की

# मासिक किस्त की राशि अधिक होने के चलते बीपीएल प्लाटधारकों में रोष

- बीपीएल प्लांट धारकों को छह माह में जमा कराने हैं 80 हजार रुपये, प्रतिमाह करीब 13333 रुपये करने होंगे जमा
- लाभार्थी बोले... मासिक किस्त कम से कम पांच हजार होनी चाहिए
- जिले में 438 बीपीएल परिवारों को ड्रा के माध्यम से मिले थे 30 गज के प्लाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गत माह सरकार की ओर वितरित किए गए 30 गज प्लॉट की मासिक किस्त की राशि अधिक होने के चलते आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्लाटधारकों का कहना है प्रति माह 13333 रुपये राशि जमा करना उनके लिए असंभव हैं। सरकार की मासिक किस्त की राशि कम करनी चाहिए। बता दें कि इस योजना में उन परिवारों को शामिल किया गया है, जिनकी परिवार पहचान पत्र में सत्यापित वार्षिक पारिवारिक आय 1.80 लाख रुपए से कम है। महेंद्रगढ़ शहर में 438 परिवारों (जिनमें घुमंतू जाति, विधवा श्रेणी, अनुसूचित जाति व अन्य (सभी को) इस योजना के का शामिल किया गया था। शेष बचे हुए लोगों को योजना का लाभ शीघ्र ही इस योजना के दूसरे चरण में दिया जाएगा। जिन परिवारों ने पिछले साल 13 सितम्बर 2023 से 19 अक्टूबर 2023 तक अपने आपको प्लाट के लिए रजिस्टर्ड किया था। इसके बाद कुल 438 परिवारों द्वारा 10 हजार रुपये देकर बुकिंग राशि जमा करवाई थी। उन सभी 438 परिवारों को योजना के इस प्रथम चरण में हरियाणा सरकार एक मरला (30 वर्गगज) का प्लाट सेक्टर 9-ए तथा 10 महेंद्रगढ़ में ड्रा के माध्यम से दिया गया। ड्रा की प्रक्रिया पूर्ण होने बाद 25 जून को लाभार्थी के मोबाइल नम्बर पर प्लाट नंबर का विवरण एसएमएस के माध्यम भेजा गया था। इन लाभार्थियों को 26 जून को 12 बजे राजकीय आईटीआई नारनौल में मुख्य कार्यक्रम में प्लॉट का प्रोविजनल आवंटन पत्र सौंपा गया था। अब इन परिवारों को आबंटन पत्र प्राप्त होने के 30 दिनों के अंदर 10 हजार रुपये की राशि तथा छह माह तक 13333 रुपये की राशि जमा करनी होगी। पात्र परिवारों का कहना है कि प्रति माह 13333 रुपये की राशि जमा करना असंभव है। सरकार को प्रति माह पांच हजार रुपये मासिक किस्त के रूप में जमा करवाने चाहिए।

### लाभार्थियों से बातचीतः

#### मासिक किस्त में कुछ राहत देनी चाहिए



बीपीएल परिवारों की आमदनी इतनी नहीं होती। प्रति माह 13333 रुपये की मासिक जमा करना आसान नहीं है। सरकार की मासिक किस्त में कुछ राहत देनी चाहिए। मासिक किस्त के अलावा परिवार चलाने में काफी समस्याएं उठानी पडेगी। **बिमला देवी**

#### पांच हजार रुपये होनी चाहिए किस्त



बीपीएल परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी नहीं होती है कि वह 13333 रुपये की मासिक किस्त जमा करवा सकें। इसके अलावा परिवार का खर्चा भी होता हैं। ऐसे में इतनी मासिक किस्त जमा करने में काफी परेशानी उठानी पडेगी। सरकार को मासिक किस्त की राशि कम करनी चाहिए। सरकार को कम से कम मासिक किस्त पांच हजार रुपये करनी चाहिए ताकि वह किस्त के साथ-साथ परिवार का भी पालन-पोषण कर सके। **रवि कुमार**

### नियम और शर्त

- ▶▶| यह पीपीपी सिस्टम द्वारा सत्यापित प्रोविजनल आबंटन पत्र वैध है।
- ▶▶| यह प्रोविजनल आबंटन पत्र प्राप्त होने के 30 दिनों के अंदर 10 हजार रुपये तथा शेष 80 हजार रुपये की राशि छह किस्त एक समान छह महीनों के अंदर जमा करनी होगी।
- ▶▶| लाभार्थी को आबंटन पत्र प्राप्त होने की तिथि से एक वर्ष के दौरान दो इकाई निर्माण करना होगा तथा दो वर्ष में निर्माण पूरा करना होगा।
- ▶▶| प्लाट का निर्माण केवल आवास निर्माण के लिए करना होगा और आबंटन की तिथि से 10 वर्ष तक पट्टे पर नहीं बेचा जा सकेगा। हालांकि आवासीय निर्माण के लिए होम लोन प्राप्त करने हेतु प्लाट को बैंक या वित्तीय संस्थान के पास गिरवी रखा जा सकता है।

# कांग्रेस ने गांवों में किया जनसम्पर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। जनसम्पर्क करते अतेंद्र सरपंच। फोटो: हरिभूमि

सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सरपंच अतेंद्र यादव ने गांवों में घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के तहत फैजाबाद, अकबरपुर रामू, मित्रपुरा, खासपुर गांवों के दौरे किए। इस दौरान गांवों के लोगों ने पूरा समर्थन दिया और आश्वासन दिया की कांग्रेस पार्टी का पूरा समर्थन करेंगे। इस अवसर पर सरपंच अतेंद्र ने बीजेपी के हो रहे अत्याचार के बारे में लोगों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में महंगाई मुंह फुलाएं हुए है। आम नागरिक गरीब से ओर गरीब हो रहा है। भाजपा ने जो भी 10 साल पहले घोषणाएं की थी,वह अभी तक धरातल पर उतरकर नहीं आई है। इसलिए लोग भाजपा को घोषणा वाली पार्टी कहने लगे है। उन्होंने कहा कि जिस सरकार ने गरीबों की भलाई के लिए कार्य नहीं किया, उसे जनता कभी माफ नहीं कर सकती। कांग्रेस सत्ता में आती है तो सर्वप्रथम गरीबों के हितों को ध्यान में रखकर नई योजनाओं को धरातल पर उतारेगी और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए हर संभवन प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा कांग्रेस ने वीरवार हरियाणा मांगे हिसाब अभियान की शुरूआत की है। वह भाजपा से 10 साल में किए गए कार्यों का हिसाब मांगेगी। इस जनसम्पर्क के दौरान लोगों ने अतेंद्र यादव का स्वागत किया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# लीगल लिटरेसी प्रोगाम में बीआर ज्ञानदीप छाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। **फोटो : हरिभूमि**

मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी प्रोगाम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में कनीना खंड के सभी सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य रामवीर यादव ने बताया कि हमारे विद्यालय की छात्रा तमन्ना पुत्री विजय सिंह ने कविता प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। इसी के साथ निबंध लेखन प्रतियोगिता में जिया पुत्री रूपेश कुमार ने खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा नाटक प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम द्वितीय स्थान पर रही। चेयरमैन रूपराम यादव ने बताया कि अब यह विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हो गए हैं। विद्यालय पहुंचने पर चेयरमैन रूपराम यादव ने सभी बच्चों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के बच्चे जिस प्रतियोगिता में भाग लेते हैं, उसमें अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। इसी के साथ-साथ उन्होंने समस्त स्टाफ सदस्यों और बच्चों को बधाई दी।

# चिकित्सा व शिक्षा पर सरकार का नहीं ध्यान



**नारनौल।** सेवानिवृत्त सत्र न्यायाधीश एवं कांग्रेसी नेता राकेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का मेडिकल शिक्षा की ओर कोई ध्यान ही नहीं है, इसलिए प्रदेश के चार सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रबंधन से जुड़े बड़े पदों के साथ ही अन्य स्टाफ की कमी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अपने वायदे के मुताबिक अभी तक हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलना तो दूर निर्माण कार्य भी शुरू नहीं करवा पाई है। ऐसे में सरकारी मेडिकल कॉलेज खोलने का वादा हवा-हवाई ही साबित हो रहा है। सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने में फेल हो रही है। मीडिया को जारी बयान में विधानसभा नारनौल से टिकट के दावेदार कांग्रेसी नेता राकेश यादव ने कहा कि 2014 में सत्ता हासिल करने वाली भाजपा चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में 10 साल बाद भी खाली हाथ ही है। रोहतक स्थित मेडिकल कॉलेज के अलावा एक भी मेडिकल कॉलेज ऐसा नहीं है, जहां संस्थान प्रबंधन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पदों पर स्थाई तैनाती की गई हो। पूर्व सत्र न्यायाधीश ने कहा साढ़े पांच साल से अधिक समय से अधिकतर पद खाली पड़े हैं या फिर अस्थाई चार्ज देकर काम चलाया जा रहा है। इसके अलावा सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 50 प्रतिशत तक स्टाफ कम बताया जा रहा है, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

# हैप्पी स्कूल के चार विद्यार्थियों ने सीए फाइनल परीक्षा में लहराया परचम

- सुभाष चंद्र अग्रवाल ने सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



सलोनी शर्मा।



अनुराग गुप्ता



केशव राठी



सौरव कौशिक

हैप्पी एवरग्रीन स्कूल के चार विद्यार्थियों ने आईसीएआई नई दिल्ली द्वारा आयोजित सीए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कॉमर्स के अध्यापक पवन कुमार यादव एवं संतोष यादव ने बताया कि विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने सीए फाइनल में सफलता प्राप्त की, जिसमें सलोनी शर्मा पुत्री कपिल दत्त शर्मा, अनुराग गुप्ता पुत्र सुभाष गुप्ता, केशव राठी पुत्र संजय राठी, सौरव कौशिक पुत्र राजकुमार कौशिक ने सीए फाइनल में सफलता प्राप्त की। इसके अलावा सीए आईपीसीसी परीक्षा में शुभम पुत्र मोहनलाल, राघव गुप्ता पुत्र कुलदीप गुप्ता, रितू पुत्री संजय कुमार, तन्नु पुत्री महेश कुमार, मोहित अग्रवाल पुत्र अजय कुमार अग्रवाल, रिचा गुप्ता पुत्री सतीश कुमार गुप्ता, प्रद्युमन पुत्र अनिल कुमार, नेहा पुत्री सुरेंद्र ने सफलता प्राप्त की। संस्था प्रबंधक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ अध्यापक एवं माता-पिता का मार्गदर्शन अति आवश्यक होता है। सर्वविदित है कि जिले में सर्वाधिक सीए बनाने का गौरव हैप्पी स्कूल के नाम दर्ज है। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने सभी छात्रों को इस शानदार उपलब्धि पर आशीर्वाद देते हुए उनको और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। संस्था चेयरमैन सुभाष चंद्र अग्रवाल ने सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए देश सेवा के लिए प्रेरित किया।

# अपराधियों के मन से खौफ खत्मः राव सुखबिन्द्र



**नारनौल।** प्रदेश में पूरी तरह जंगलराज स्थापित हो चुका है। अपराधी बेखौफ होकर जघन्य अपराध कर रहे है और प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। उक्त आरोप वरिष्ठ कांगेस नेता व पूर्व अधीक्षण अभियंता राव सुखबिंद्र सिंह ने प्रेस के नाम जारी बयान में लगाते हुए कहा है कि अपराधियों के मन से कानून का खौफ व भाजपा सरकार का इकबाल खत्म हो चुका है। बदमाश आये दिन सरेआम हत्याएं कर रहे हैं, फिरौती माँग रहे हैं और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

उन्होंने कहा कि बुधवार को हांसी में जजपा नेता की हत्या हुई थी, वीरवार को सोनीपत में दूधिये को बीच सड़क गोली मार दी गई। इतना ही नहीं, नारनौल जैसे शांत क्षेत्र में भी आज सिरोही बहाली टोल पर गोलियां चलने का समाचार है। राव ने कहा कि जिस तेजी से बेरोजगारी बढ़ रही है, उसी तेजी से प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार न तो बेरोजगारी को काबू कर पा रही है और न अपराध पर उसका कोई नियंत्रण है। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में हजारों पद रिक्त पड़े हैं। एसपीओ और होमगार्ड के सहारे काम चलाया जा रहा है। महेंद्रगढ़ जिले में भी पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मी तैनात नहीं हैं। इससे भी अपराध को बढ़ावा मिल रहा है। राव ने कहा कि छह महीने में ही प्रदेश में 465 हत्याएं, 720 बलात्कार व 813 अपहरण की घटनाएं हो चुकी हैं, जो यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि प्रदेश में कानून व व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है।

# सीए इंटर व फाइनल रिजल्ट में एचपीएस स्कूल के विद्यार्थियों का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज नारनौल



**नारनौल।** एचपीएस स्कूल के विद्यार्थी। **फोटो :हरिभूमि**

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की ओर से घोषित सीए इंटर व फाइनल के परीक्षा परिणाम में नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कॉमर्स हेड डा. मनोज गर्ग ने बताया कि मोहल्ला चांदुवाड़ा निवासी विद्यालय के छात्र अंकुर गुप्ता पुत्र विकास गुप्ता ने सीए फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय के चयनित चार्टेड अकाउंटेंट में एक और उपलब्धि जोड़ी है। वहीं विद्यालय के अनुज गुप्ता के बेटे यशोवर्धन गुप्ता व बेटी संस्कृति गुप्ता और वासु अग्रवाल पुत्र विवेक अग्रवाल व रितु बंसल पुत्री मुकेश ने सीए इंटर परीक्षा पास कर सीए बनने की राह में एक कदम और आगे बढ़ाया है। विद्यालय डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने बताया कि ये विद्यार्थी शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रहे और कक्षा बारहवीं में भी इन्होंने मेरिट सूचि में अपना स्थान बनाया था। डायरेक्टर पुष्करमल वर्मा ने कहा कि विद्यालय का उद्येश्य सदैव विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारना रहता है। विद्यालय के चेयरमैन सुभाष वर्मा, एमडी डा. हितेश वर्मा व निधि वर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# राजवंशी में मनाया ब्लू डे



**नारनौल।** दौचाना स्थित राजवंशी स्कूल में प्री-प्राइमरी के बच्चों के लिए ब्लू डे एक्टिविटी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नीले रंग के महत्व व इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान प्री-प्राइमरी के बच्चों ने नीले रंग से चित्रों में रंग भरा। ब्लू डे के अवसर पर सभी बच्चे नीले रंग की पोशाक में स्कूल पहुंचे तथा उनकी कक्षाओं को भी नीले रंग की विभिन्न कलाकृतियों से सजाया गया। चेयरपर्सन रेणु कंवर ने कहा कि इस गतिविधि से एक ओर जहां बच्चों में रंगों को पहचानने की क्षमता विकसित होती है तो वहीं दूसरी ओर वे सही स्थान पर रंगों का सही प्रयोग करना सीखेंगे।

# मां के नाम पौधारोपण से परिवार में एकता और शांति भावना का होगा समावेशः अमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें संस्था के प्रबंधक निदेशक अमित यादव ने बच्चों को पौधे वितरित करके उन्हें मां के नाम पर रोपण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बारिश का पानी संचय करने के टिप्स भी दिए गए। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग लोग समाज का आईना होते हैं। उन्हें सामाजिक अनुभव अधिक होता है, इसलिए युवाओं को समय निकालकर बुजुगार्ं से वार्तालाप करनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मां के नाम पौधारोपण अभियान चलाया है। जिससे समाज में माता-पिता के सम्मान को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही परिवार में एकजुटता व शांति का समावेश हो सकेगा। स्कूल के विद्यार्थियों को एक हजार पौधे वितरित करने के बाद प्रांगण में फल व फूलदार किस्म के 60 पौधे लगाए गए। शिक्षक व नॉन टीचिंग स्टाफ को एक-एक पौधा गोद दिया गया। इस मौके पर अशोक कुमार, बिरेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद, मयंक, रविंद्र कुमार मौजूद थे।

**ज्ञापन** छात्रों ने ज्ञापन में कहा, चाइनीज मांझा बहुत ही खतरनाक

# पतंग उड़ाने वाली चाइनीज डोर संपूर्ण रूप से प्रतिबंधित हो

हरिभूमि न्यूज नारनौल



नारनौल। सीटीएम मंजीत कुमार को ज्ञापन देने आए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

आधारशीला विद्यापीठ हाई स्कूल हुडीना के विद्यार्थियों ने सीटीएम मंजीत कुमार को ज्ञापन सौंपकर पतंग उड़ाने वाली चाइनीज प्लास्टिक की डोर को जिले में संपूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की मांग की। इस अवसर पर दसवीं कक्षा की छात्र समीक्षा यादव व हिमांशी ने ज्ञापन देते हुए प्रशासन को सचेत करते हुए कहा कि चाइनीज मांझा बहुत ही खतरनाक है। जिसकी वजह से हर साल ना जाने कितने लोग गंभीर रूप से घायल होते रहें है। गतिमान दुपहिया वाहन वालों के गले मे फंसने से ये चाईनीज मांझा तेज उस्तरे की तरह गला काट देता है, जो जन लेवा सिद्ध होता रहा है। जिसके शिकार कई लोग पहले भी हो चुके हैं। इस अवसर पर छात्र आयुष यादव, लक्ष्य यादव व हर्ष यारव ने कहा कि धागे का मांझा तो टूट जाता है और चाइनीज प्लास्टिक का मांझा टूटता नहीं, जिसकी वजह से गतिमान दुपहिया वाहन सवार उलझ कर गिरकर दुर्घटना ग्रस्त हो जाते है और उड़ते पक्षी भी इस प्लास्टिक से मांझे में उलझ कर जान गंवा देते हैं। छात्रा अदिति यादव, छात्र जतिन यादव व मनजोत सिंह ने सीटीएम से गुहार लगाई कि तीज का त्योहार नजदीक आ रहा है और शहर में चाइनीज मांझा धड़ल्ले से बिकना शुरू हो रहा है। इसकी बिक्री पर रोक लगाना अति आवश्यक है। छात्र भरत मितल ने प्रशासन को सुझाव देते हुए कहा कि प्रशासन को अखबारों के माध्यम व मांझा विक्रेताओं के साथ प्रत्यक्ष रूप से बात करके चेतावनी दी जाए कि अगर कोई भी दुकानदार चाइनीज प्लास्टिक मांझा बेचता हुआ पाया जाएगा तो उसके खिलाफ कोई ना कोई जुर्माना लगाने जैसी दंडात्मक सख्त कार्रवाई जरूर की जाए। छात्रों ने कहा कि प्रशासन अखबारों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर और चेतावनी भी दी जाए कि वो चाइनीज प्लास्टिक मांझा ना खरीदें। छात्रों के सुझाव सुनकर सीटीएम छात्रों को उनकी इस जागरूकता व इस समस्या से निपटने के प्रयास लिए धन्यवाद के साथ शाबाशी दी। सीटीएम ने आधारशिला विद्यापीठ हाई स्कूल हुडीना के संचालक गिरीश खेड़ा के इस कार्य को सराहते हुए कहा कि विद्यालय की ओर से पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों को जागरूक व जिम्मेवारी का एहसास करवाने का काम बड़ा सराहनीय है।

### वारंट ऑफिसर गौतम ने मां की छमाही पर किया पौधरोपण

महेंद्रगढ़। राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाणी श्योपुरा में वारंट ऑफिसर महेंद्र गौतम ने अपनी माता महादेवी की छमाही के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया। असम राइफल में कार्यरत वारंट ऑफिसर महेंद्र गौतम ने कहा बच्चों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करने के लिए प्राथमिक पाठशाला को चुना है। बढ़ते औद्योगिकरण के कारण पर्यावरण प्रदूषण तीव्र गति से बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण वन क्षेत्र कम हो रहे हैं। इसी का दुष्परिणाम है कि तापमान में हर साल बढ़ोतरी देखने को मिलती है। गर्मी के मौसम में तेज गर्मी और बारिश के मौसम में बाढ़ आना घटते वन क्षेत्र का ही दुष्परिणाम है। वारंट ऑफिसर महेंद्र गौतम ने कहा कि सवेरा स्वयंसेवी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मनोज गौतम द्वारा चलाई गई पौधारोपण की मुहिम से वह काफी प्रभावित हैं। इस मौके पर निर्मला देवी, अध्यापक सुरेश सांगवान, अध्यापक सुरेश वर्मा, दीपक दीक्षित, विद्यालय का स्टाफ एवं काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मूसनोता में चलाया मां के नाम पौधरोपण अभियान

**निजामपुर।** मूसनोता गांव में सामाजिक संगठनों ने सरकार के निर्देशानुसार मां के नाम एक पौधारोपण अभियान चलाया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पौधों की देखभाल व नियमित रूप से सिंचाई करने का संकल्प लिया।

**सूचना**

मैं, मुकेश कुमार पुत्र श्री ताराचन्द निवासी ग्राम बुचौली, तह. व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सन्दीप कुमार व पुत्रवधु प्रिया यादव मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**खबर संक्षेप**

## बागोत में 1 लाख का कुश्ती दंगल 2 को

**कनीना।** कनीना-दादरी मार्ग स्थित गांव बागोत में बने प्राचीन बाघेश्वर धाम में सावन माह में आयोजित होने वाले कांवड मेले के दौरान कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। हिन्द केसरी कुश्ती दंगल के आयोजन को लेकर अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। धाम के मठाधीश महंत रोशनपुरी व ग्राम सरपंच राजेंद्र ने बताया कि दो अगस्त को शिवरात्री के दिन आयोजित होने वाले इस दंगल में मुख्यातिथि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह होंगे। विशिष्ठ अतिथि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा के सांसद चौ. धर्मबीर सिंह व अध्यक्षता अटेली हलका विधायक सीताराम यादव करेंगे। दंगल में प्रथम स्थान पर रहने वाले पहलवान को एक लाख, द्वितीय को 51 हजार व तृतीय स्थान पर रहने वाले पहलवान को 31 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## इसराना के शिव मंदिर में भंडारा आज

**कनीना।** गांव इसराना में 12 जुलाई को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी की ओर से मोहित कुमार ने बताया कि शिव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सुबह सवा आठ बजे हवन किया जाएगा। इसके बाद 10 बजे भंडारा प्रारंभ होगा।

## सिहमा में जाहरवीर गोगा जी महाराज का भंडारा 15 को

**मंडी अटेली।** खंड सिहमा में जाहरवीर गोगा जी महाराज का 9वां विशाल भंडारा 15 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। जानकारी देते हुए सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि हर वर्ष की तरह जाहरवीर गोगा जी महाराज का 9वां विशाल जागरण एवं भंडारा आयोजित किया जा रहा है। 14 जुलाई को रात्रि के समय बाबा के दरबार में प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा बाबा की महिमा के भजनों का गुणगान करेंगे।

## घर से निकला व्यक्ति हुआ लापता

**कनीना।** कनीना सदर थाना अंतर्गत गांव दौंगड़ा अहीर से एक व्यक्ति रात्रि के समय लापता हो गया। इस बारे में महिला मीनाक्षी की ओर से दौंगड़ा पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि उसका पति विकेस कुमार पांच दिन पूर्व रात्रि करीब 11 बजे अपनी कार लेकर कहीं चला गया। परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

# सीसीटीवी फुटेज में मंदबुद्धि युवक नग्न अवस्था में निहत्था घूमता दिखा, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

नांगल चौधरी। बुधवार की रात शहर में तीन मंदिरों की तोड़ी गई मूर्तियों से आक्रोशित सामाजिक संगठन व श्रद्धालुओं की बैठक वीरवार को अनाज मंडी में आयोजित हुई। जिसमें मंदबुद्धि युवक की ओर से अकेले ही मूर्तियों को तोड़ने पर संदेह व्यक्त किया गया। कहा कि लोगों की धार्मिक भावना को भड़काने के लिए साजिश पूर्वक वारदात को अंजाम देने की आशंका है। पुलिस को तकनीकी संसाधनों से गहनता पूर्वक जांच करनी होगी, जिसमें कई और चेहरे भी बेनकाब हो सकते हैं। इस अवसर पर महंत शीतलदास, पंडित भवानी शंकर जोशी, रमेश सैनी, महेंद्र गुर्जर, पंचायत समिति के पूर्व चेयरमैन प्रवीण चौधरी, महेंद्र सेठ, राजेश रावत, रमेश तंवर, जसवंत शेहरावत ने बताया कि सनातन धर्म के प्रतीक मंदिर होते हैं।

**खास बातें**

- महापंचायत को वारदात में साजिश की आशंका
- तकनीकी उपकरणों से गहनता पूर्वक जांच करने की मांग
- मंदिर में दोबारा मूर्ति स्थापना की बनाई रूपरेखा



नांगल चौधरी। महापंचायत में मंदिर में दुबारा मूर्ति स्थापना की रूपरेखा बनाते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**मूर्ति तोड़ने वाला युवक सनकी, अकेले ने दिया वारदात को अंजाम**

थाना इंचार्ज रविंद्र कुमार ने बताया कि मंदिरों में मूर्तियां तोड़ने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। यह सनकी किस्म का युवक है जो कुछ नशे का भी आदी है। इसने मूर्ति को खंडित करने पर पहले पत्थर का इस्तेमाल किया है, बाद में घर से मूसली ले गया है। आरोपित के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है। वारदात में अन्य किसी के शामिल होने के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं।

**लोगों ने आपसी चंदा एकत्र करके शहर में चमत्कारी बालाजी, साईं मंदिर व कृष्णावती नदी पर देवी मंदिर का निर्माण करवाया**

*जहां पूजा-अर्चना करने से मानसिक शांति मिलने के साथ परोपकार का संदेश मिलता है। लोगों ने आपसी चंदा एकत्र करके शहर में चमत्कारी बालाजी, साईं मंदिर व कृष्णावती नदी पर देवी मंदिर का निर्माण करवाया गया है। सभी मंदिरों में अपनी आस्था के अनुसार श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते हैं, लेकिन बुधवार की रात तीनों मंदिरों की मूर्तियों को खंडित कर दिया गया। इतना ही चमत्कारी बालाजी के पूजा स्थल से तीन चांदी के मुकुट व तांबे की गदा चोरी हुई है। लोगों में आक्रोश बढ़ने पर पुलिस ने गौड़ धर्मशाला का सीसीटीवी कैमरा चेक किया। जिसमें एक मंदबुद्धि युवक नग्न अवस्था में निहत्था घूमता हुआ दिखाई दिया है, जोकि धर्मशाला के पास एक पेड़ की टहनियों को पकड़ता दिख रहा है। पुलिस ने इसी युवक को पकड़कर उसे तोड़फोड़ का आरोपित बनाया है। उन्होंने कहा कि हो सकता है युवक ने मूर्तियां तोड़ी होंगी, लेकिन अकेला युवक इतनी बड़ी वारदात को अंजाम नहीं दे सकता। तर्क दिया कि यह मंदबुद्धि युवक अपने विवेक से अलग-अलग तीनों मंदिरों में नहीं जा सकता। उन्होंने पुलिस प्रशासन ने पूरी सर्तकता से जांच करने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि साजिशकर्ता को गिरफ्तार नहीं किया गया तो ऐसी वारदातों की फिर से संभावना बनी रहेगी।*

### पीड़ित भारतीय वायु सेना से रिटायर, जीवनभर की पूंजी सहित दोस्त व रिश्तेदारों से लिया पैसा भी गंवाया

# व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर 72.64 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शेयर मार्केट में निवेश के लिए ट्रेनिंग लेने के लिए व्यक्ति ने यूट्यूब पर सर्च किया। वहां वेबलिंक पर क्लिक कर व्हाट्सएप ग्रुप से उसे जोड़ा गया। फिर माइंड वास करने के लिए कुछ दिनों शेयर मार्केट की ट्रेनिंग व निवेश के बारे में जानकारी दी जाने लगी। विश्वास बनाने के लिए एक बार बैंक खाता में 1.64 लाख भेजे गए। इसके बाद पीड़ित झांसे में आ गया और खुद की जीवनभर की पूंजी सहित दोस्तों व रिश्तेदारों से पैसा लेकर क्रिप्टो करंसी में निवेश कर दिए गए। पीड़ित का आरोप है कि पेट्रोमेक नाम के क्रिप्टो करंसी का ड्रा घोषित हुआ तो 48645 कोइंस प्राप्त हुए। जिनकी कीमत उस दिन के भाव के अनुसार 26 करोड़ रुपये से भी अधिक थी। जब अपना धन विड्रॉल करना चाहा तो चाल का पता चला। पीड़ित के साथ 72 लाख 64 हलार 266 रुपये की ठगी हो गई है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4),319,61 के तहत केस दर्ज किया है।

शिवाजीनगर में रहने वाले राकेश सिंह ने साइबर क्राइम थाना में शिकायत दी है। शिकायत में बताया है कि वह भारतीय वायु सेवा से सेवानिवृत्त है। जनवरी 2024 में एक दिन यूट्यूब पर एक विज्ञापन देखी थी। जो शेयर मार्केट में निवेश के संबंध में जानकारी/ट्रेनिंग/सलाह देने के बारे में थी, जिसमें एक वेबलिंक दिया हुआ था। जो विज्ञापन देखकर उस लिंक पर क्लिक किया तो वह 'वाई10 वेल्थ नेविगेशन क्लब' नाम के गुरप से जुड़ गया। वहां पर अदुरी समा नाम का व्यक्ति का यह नामजद व्हाट्सएप नंबर है जो अपना परिचय शेयर मार्केट ट्रेडिंग इंस्टीट्यूट के डीन के रूप में देता है। ग्रुप में शेयर मार्केट के बारे में पढ़ाता है। ग्रुप में कई व्यक्ति शामिल है। डीन के ज्ञान तथा अन्य व्हाट्सएप चैट पर बताई गई बातों से प्रभावित होकर इस ग्रुप को सुबह, दोपहर व शाम को नियमित रूप से डीन के द्वारा ली जा रही क्लासों को अटेंड करना आरम्भ कर दिया। इस ग्रुप में दो नामजद व्हाट्सएप नंबर के यूजर द्वारा स्वयं को लीना नायर नाम से तथा डीन की सहायक के रूप में प्रस्तुत करके रोजाना नियमित रूप से चैट में आती थी। फिर एक दिन इन डीन ने सलाह दी कि एक्सचेंज 120 डॉलर का बोनस नए सदस्यों को दे रहा है। इसलिए बोनस राशि से ग्रुप में मौजूद नए सदस्य स्वयं की कोई धनराशि निवेश में लगाए बिना इस क्रिप्टोकरंसी एक्सचेंज में निवेश कर सकते है। उसकी बातों से प्रभावित होकर उसने वियाका कंपनी में अपने बाप को रजिस्टर्ड कर दिया औश्र बोनस की राशि 120 डॉलर हासिल करके क्रिप्टोकरंसी में इस वियाका एक्सचेंज में व्यापार करना आरम्भ कर दिया। इसके पश्चात वेरोनिका ने उसे शाह एंटरप्राइजेज नाम के यूएसडीटी मर्चेंट का विवरण दिया। जहां पर प्रेरित होकर आरम्भ में 30 हजार 11 अप्रैल 2024 को जमा करवाए। फिर उसी प्रकार दो दिन बाद 13 अप्रैल को उक्त शाह एंटरप्राइजेज में 50 हजार का निवेश किया। इसके बाद वियाका एक्सचेंज के उसके अकाउंट में निवेश की गई धनराशि के बराबर यूएसएसटी प्रदर्शित होने लगे। तीन मई के आसपास इस डीन ने अपनी व्हाट्सएन क्लास में कहा कि वियाका एक्सचेंज नई क्रिप्टोकरंसी का आईपीओ (इनिशियल पब्लिक ऑफर) लांच कर रहा है। प्रभावित होकर सात मई को दो लाख, 11 मई को एक लाख अलग-अलग यूएसडीआई मर्चेंट के माध्यम से कहे अनुसार वियाका एक्सचेंज में निवेश कर दिए। 12 मई को वियाका एक्सचेंज ने मच क्रिप्टो करेंसी का ड्रा निकाला। जिसमें 89 कोइंस प्राप्त होने दर्शाए गए। फिर 20 मई को वियाका के अपने खाता से 2000 यूएसडीटी विड्रोल करने के लिए आवेदन किया। स्काईवॉक नामक खाते से उसके पीएनबी बैंक खाता में 164934 रुपये आईएमपीएस नरंबर के माध्यम से प्राप्त हुए। इस घटनाक्रम के बाद ओर ज्यादा भरोसा हो गया। व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेरित करने पर 21 मई को उनके कहे अनुसार लोन लेकर उक्त द्वारा दिए गए बैंक खाता में सात लाख 70 हजार निवेश के लिए जमा करवा दिए। उसके बाद वियाका एक्सचेंज द्वारा हाइड्रोमेट्रा नाम के एक ओर आईपीओ के लांच होने के बारे में घोषणा की गई। उनके कहे अनुसार अपनी जमा पूंजी, दोस्तों व रिश्तेदारों से उधार लेकर नए आईपीओ के लॉन्च के समय व्हाट्सएप पर दिए गए विभिन्न बैंक खातों में जून 2024 में छह लाख 90 हजार रुपये जमा करवा दिए। उसके बाद एक अन्य नए आईपीओ लॉन्च होने की बातें व्हाट्सएप पर तथा वियाका एक्सचेंज की वेबसाइट पर उनके बारे में नोटिस देकर भी निवेश के लिए प्रेरित किया गया। इसमें भी विभिन्न बैंक खातों में अलग-अलग तिथियों में जून 2024 में करीब 50 लाख रुपये जमा करवा दिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह हमेशा से शेयर मार्केट में रूचि रखता है। उसे ध्यान था कि बिटकॉइन नाम की क्रिप्टोकरंसी एक डालर से भी कम कीमत थी, जिसकी आज कीमत करीब 70 हजार डॉलर है। इन लोगों द्वारा बताए गए तथा वियाका एक्सचेंज में अकाउंट में दर्शाए गए मोटे लाभ के बारे में जानकार कोई आश्चर्य नहीं हुआ। यह असम्भव नहीं लगा। जब पेट्रोमेक नाम के क्रिप्टोकरंसी का ड्रा घोषित हुआ तो 48645 कोइंस प्राप्त हुए। जिनकी कीमत उस दिन के भाव के अनुसार 26 करोड़ रुपये से भी अधिक थी। जब अपना धन विड्रॉल करना चाहा तो एक्सचेंज के आकउंट मैनेजर जेम्स वाटसन द्वारा तथा उक्त अन्य द्वारा यह कहा गया कि यूके एजेंसी एफसीए व अंतरराष्ट्रीय एजेंसी एफएटीएफ द्वारा भारत के खातों की वित्तीय लेनदेन की जांच के निर्देशानुसार सभी भारतीय खाता धारकों को यह सिद्ध करना होगा कि वह मनी लॉनड्रिंग में शामिल नहीं है।




**व्हाट्सएप ग्रुप पर तर्क वितर्क किया**

व्हाट्सएप ग्रुप पर तर्क वितर्क किया और वेरिफिकेशन के लिए एक रुपये की राशि भी पर्याप्त है, फिर भी यह लोग एक परसेंट का ही दबाव डालते रहे। अकाउंट नंबर दिए तो शक हुआ। फिर भी पूरी राशि जमा न करवाकर आठ व नौ जुलाई को पैसा भी जमा करवा दिया। फिर भी इन लोगों द्वारा एक परसेंट जमा करवाने के बारे में दबाव डाला जा रहा है। विड्रॉल नहीं दिया जा रहा। शक होने पर अपने स्तर पर छानबीन की तो पता चला कि इन अज्ञात लोगों ने पहचान छिपाकर योजनाबद्ध तरीके से इलेक्ट्रॉनिक साधनों की सहायता से गलत जानकारी देकर व ऑनलाइन प्रदर्शित करके क्रिप्टो करंसी में निवेश के नाम पर 72 लाख 64 हजार 266 रुपये की ठगी की है।

## आईजीयू परीक्षा में यदुवंशी की छात्रा सुधा विवि में प्रथम

**नारनौल।** हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से बीकॉम आनर्स के दूसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कॉलेज की छात्रा सुधा पुत्री राजेंद्र प्रसाद ने 83.47 प्रतिशत अंक के साथ विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंशु पुत्री वीरेंद्र सिंह ने 76.8 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में चौथा, नैन्सी पुत्री सुनील कुमार ने 70.93 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में आठवां, स्नेहा पुत्री संजय यादव ने 70.27 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में नौवां स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों का परिणाम भी बहुत ही सराहनीय रहा। इसी कड़ी में बीएससी रसायन विज्ञान आर्नस का चौथा सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम में भी युदवंशी डिग्री कॉलेज के विधार्थियों ने विश्वविधालय में अपने स्थान को बरकरार रखा। जिसमें निशा पुत्री मनोज कुमार ने 88.2 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में दूसरा, सपना पुत्री उमेद सिंह ने 87.2 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में तीसरा, खुशी पुत्री गोविंद राम भारद्वाज ने विश्वविद्यालय में चौथा, अरूणा पुत्री इंदराज सैनी ने विश्वविद्यालय में छठा, अंकिता पुत्री ब्रह्मप्रकाश ने विश्वविद्यालय में नौवां स्थान हासिल किया। कॉलेज प्रिंसिपल बजरंग लाल ने बताया कि कॉलेज का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। इस उपलक्ष्य में यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह, डायरेक्टर सुरेश यादव, डा. प्रदीप यादव, उपप्राचार्या डा. सोनल यादव ने विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया।

- कामयाबी पर छात्रा को दी बधाई

# अटेली कस्बे में गंदे नाले की सफाई का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



लंबे अंतराल के बाद अटेली कस्बे के गंदे पानी के निकासी के नाले की वार्षिक छंटाई व सफाई का कार्य जोर-शोर से चला हुआ है। नगर पालिका द्वारा टेंडर देरी से लगाने के कारण ठेकेदार को लेट कार्य मिलने पर छंटाई का कार्य शुरू हुआ है। अगले सप्ताह तक नाले की सफाई कर दी जाएगी। यह ठेका इशिका नामक फर्म को मिला है। एजेंसी के ठेकेदार प्रदीप यादव ने बताया कि पांच दिन पूर्व ही उनको टेंडर अलॉट हुआ था। उस दिन ही कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया। यह नाला धन्नौंदा मोड़ से सिनेमा हाल वाली गली तक नारनौल-रेवाड़ी मार्ग के अलावा मुख्य बाजार में है, जिसकी छंटाई करनी है। बारिश की झड़ लगने से पूर्व नाले की तली तोड़ सफाई की जा रही है। दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के सामने नाले पर बड़े-बड़े पत्थर व पक्का करने के कारण सफाई में दिक्कत आ रही है। नाले की सफाई अटेली कस्बे के दुकानदारों के अलावा बाजार में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, का विशेष ख्याल रखा जा रहा है।

# जनसंख्या वृद्धि के खिलाफ निकाली जनचेतना रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

विश्व जनसंख्या दिवस पर सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने जनसंख्या वृद्धि के प्रति जनचेतना जागृत करने के लिए नुक्कड़ नाटक और रैली का आयोजन किया। इस जनजागरण अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने झगड़ोली, कुराहवटा और महेंद्रगढ़ में अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस कार्यक्रम में जनसंख्या वृद्धि के दुष्प्रभावों को बताने के लिए एक नुक्कड़ नाटक विद्यार्थियों द्वारा मंचित किया गया, जिसमें समाज पर बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभाव, स्त्री शिक्षा, पर्यावरण आदि मुद्दे उठाए गए। विद्यार्थियों के नाटक के मंचन से पहले एक रैली झगडौली, कुराहवटा और महेंद्रगढ के किला रोड पर निकाली। इस कार्यक्रम में ग्राम के पंच, सरपंच सहित ग्रामीणों ने भी रूचिपूर्ण ढंग से भाग लिया। कुराहवटा के सरपंच राहुल यादव व झगड़ौली के सरपंच मुकेश सोनी ने ग्रामीणों सहित सूरज स्कूल के विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। इस जनजागृति अभियान में विद्यालय के कक्षा नौंवी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें शानू, तनिशा, प्रियांशी, लक्षिता, रीतिका, श्वेता, राधिका, अप्शिता, सोनल, दीपांशी, चेष्टा, खुशी, नेहा, विनिता, भव्या, जहानवी, आरती, खुशी, अंशु, योगेश व अमन प्रमुख रहे। निदेशक संदीप प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व की अभिरूची विकसित करते रहे है।




महेंद्रगढ़। जनचेतना रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# यदुवंशी में मनाया जनसंख्या दिवस

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया, जिसमें बालवर्ग कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाषण, कविता तथा पेंटिंग के माध्यम से अनियंत्रित गति से बढ़ती जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों से सभी को अवगत करवाया। कार्यक्रम में यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह मुख्यातिथि, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र यादव, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव विशिष्ट अतिथि तथा यदुवंशी ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने अध्यक्ष के रूप में शिरकत की। विद्यार्थियों में ईशु, अनन्या, आरूषी, शिवानी, मुस्कान, प्रियांशी, दुर्लभ, चहक, सृष्टि, निखिल, दिव्या, वंशिका, मनन, प्रांजल, आरव, खुशी, अनीश, कुनाल, पार्थ, अंश, सिद्धार्थ, पीयूस, प्रिंस, योगिता, बिजुल, सानवी, प्रतीक, महेश, शुभम व कनक ने अपनी-अपनी शानदार प्रस्तुती दी व पेंटिंग से सभी का मन मोह लिया। चेयरमैन राव बहादुर सिंह, डायरेक्टर विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेन्द्र सिंह, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव व प्राचार्य पवन यादव ने कहा कि दिवस को मनाने का उद्देश्य लैंगिक समानता, प्रजनन, स्वास्थ्य और परिवार नियोजन के बारे में लोगों को जागरूक कर भारतवर्ष को समृद्ध बनाना है। इस वर्ष की थीम है किसी को भी पीछे न छोडें, सभी की गणना करें। उन्होंने बताया कि बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण देश को भुखमरी, बीमारियां, रहने के लिए आवास तथा अशिक्षा आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है हमें याद रखना चाहिए कि छोटा परिवार ही सुखी परिवार होता है।



बनाई हुई पेंटिंग दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी ने आईएसएफ ओ ओलंपियाड में पाई सफलता



**नारनौल।** हाल ही में घोषित हुए परिणामों में यदवुंशी शिक्षा निकेतन ने आईएसएफ ओ मैथ व साइंस ओलंपियाड के द्वितीय लेवल में चार विद्यार्थयों ने सफलता प्राप्त की है। जिनमें अक्षत, ईशांत, संकेत व हिमांशु ने चयनित सूची में नाम दर्ज करवाकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार मलिक ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है और उन्हें आगे बढ़ाने में सहायक होती है। विद्यार्थियों में जितना आत्मविश्वास होगा वे उतना ही उत्कृष्ठ परिणाम देंगे।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

**कार्यक्रम** मुख्यमंत्री ने वेब कास्टिंग के जरिए किया स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को संबोधित

# स्वामित्व योजना ने नागरिकों को उनकी संपत्ति का कानूनी दस्तावेज दिया: महावीर प्रसाद

- जिला स्तरीय कार्यक्रम में डीएमसी महावीर प्रसाद ने वितरित किए संपति के प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने वीरवार को गुरुग्राम के मानेसर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से वेब कास्टिंग के जरिए प्रदेश के नागरिकों को मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत रजिस्ट्री एवं लाल डोरा संपत्ति प्रमाण पत्र वितरित किए। वहीं जिला स्तर पर स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला नगर आयुक्त महावीर प्रसाद ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की तथा लाभार्थियों को रजिस्ट्री के शुभकामना संदेश पत्र व लाल डोरा संपत्ति प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए डीएमसी ने कहा कि राज्य सरकार आधुनिक तकनीक के जरिए गांव व शहर का विकास करवा रही है। स्वामित्व योजना ने नागरिकों को उनकी संपत्ति का कानूनी दस्तावेज दिया है। अब ये नागरिक अपनी संपत्ति के मालिक बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ की सभी नगर परिषद व नगर पालिकाओं में लाल डोरे के तहत लगभग 6000 लाभार्थी हैं। आज 45 लाभार्थियों को मौके पर प्रॉपर्टी सर्टिफिकेट वितरित किए गए। शेष लाभार्थी जल्द ही पोर्टल के माध्यम से अपना सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकेंगे। वहीं मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना के तहत 20 लाभार्थियों को रजिस्ट्री होने के बाद शुभकामना संदेश वितरित किए। शहरी स्वामित्व योजना के तहत 31 दिसंबर 2020 तक जिन दुकानदारों को नगर परिषद व नगर पालिका की दुकानों पर किराएदार के रूप में 20 साल या इससे अधिक समय हो चुका है।



नारनौल। लाभार्थियों को रजिस्ट्री व लाल डोरा संपत्ति प्रमाण पत्र वितरित करते डीएमसी महावीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

## महिपाल बने डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के जिला प्रधान

**नारनौल।** विभिन्न विभागों में कार्यरत उपमंडल अभियंताओं एवं कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक सिंचाई विभाग के विश्राम गृह सिंघाना रोड में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन हरियाणा के पूर्व प्रधान देवेंद्र यादव ने की। मंच का संचालन उपमंडल अभियंता राजेश वर्मा ने किया। इस बारे में राजेश वर्मा ने बताया कि जिला इकाई का कार्यकाल पूरा हो गया था, इसलिए नई कार्यकारिणी का गठन गया। सर्वप्रथम वर्तमान जिला कार्यकारिणी को नितिन यादव प्रधान ने भंग किया। इसके बाद सर्वसम्मति से महिपाल सिंह को प्रधान, राहुल यादव उपप्रधान, हितेश शर्मा जिला सचिव, सुरेंद्र जांगड़ा कोषाध्यक्ष, अश्वनी शर्मा सहकोषाध्यक्ष, सुशील यादव जिला ऑडिटर आदि रहे।